## PART – II / भाग – II
## Administration and Finance / प्रशासन एवं वित्त

51. Which of the following with reference to Home Town for LTC is not correct ?
(1) Every government servant should furnish a declaration within six months of his appointment.
(2) Ordinarily a declaration once made is final.
(3) A change may be authorized in exceptional circumstances by the Head of office.
(4) The above change is permitted only once during the entire service.

52. Which of the following is not true when both the husband and wife are Central Government servants ?
(1) They can, at their option, declare separate home towns.
(2) Both may claim the concession separately in respect of their respective family members.
(3) Children shall be eligible for the benefit in one particular block as members of the family of both the parents.
(4) If husband or wife avails LTC as a member of the family of the other, he or she cannot claim the concession for self independently.

53. Which of the following conditions for grant of advance is not correct ?
(1) The amount will be restricted to 90% of the estimated amount.
(2) Even where the Government servant and family members avail LTC separately, only one advance is to be drawn.
(3) The claim for reimbursement should be submitted within one month of the completion of the return journey.
(4) The advance can be sanctioned by Head of the office.

51. छुट्टी यात्रा छूट में गृहनगर के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?
(1) प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को उसकी नियुक्ति के छः माह के भीतर एक घोषणा पत्र देना होता है।
(2) साधारणतया यह घोषणा एक बार देने पर अंतिम मानी जाती है।
(3) असाधारण परिस्थितियों में कार्यालय प्रमुख द्वारा परिवर्तन प्राधिकृत किया जा सकता है।
(4) उपरोक्त परिवर्तन की अनुमति पूर्ण सेवा काल में एक बार दी जा सकती है।

52. जब पति-पत्नी दोनों केन्द्र सरकार के कर्मचारी हों तो निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?
(1) वह अपनी मर्जी से अपने गृहनगर की अलग घोषणा कर सकते हैं।
(2) दोनों अपने संबंधित परिवार के सदस्यों के लिए अलग-अलग दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।
(3) बच्चे एक विशेष खण्ड के लिए दोनों माता-पिता के साथ परिवार के सदस्य के रूप में लाभ के पात्र होंगे।
(4) यदि पति अथवा पत्नी छुट्टी यात्रा छूट का, दूसरे के परिवार के सदस्य के रूप में लाभ प्राप्त करते हैं, तो वह अपने लिए स्वतंत्र रूप से लाभ नहीं ले सकते।

53. अग्रिम स्वीकृति के लिए निम्नलिखित में से कौन सी शर्त सही नहीं है ?
(1) राशि अनुमानित राशि के 90% तक सीमित होगी।
(2) यहाँ तक कि जहाँ छुट्टी यात्रा छूट का लाभ सरकारी कर्मचारी एवं परिवार के सदस्य अलग से लेते हैं, केवल एक अग्रिम आहरित किया जा सकता है।
(3) प्रतिपूर्ति के लिए दावा वापसी यात्रा पूर्ण होने से एक माह के भीतर प्रस्तुत करना होगा।
(4) अग्रिम की स्वीकृति कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रदान की जा सकती है।

54. With reference to the Medical Attendance Rules, which of the following is not a member of family ?

(1) A judicially separated husband
(2) Wife of adoptive father
(3) A 26 year old legally adopted son
(4) Minor brother

It is given that those at (2) to (4) are wholly dependent on the government servant.

55. What is the income limit for dependency of the family members (other than spouse) for consideration of the claim ?

(1) ₹ 5,000
(2) ₹ 6,000
(3) ₹ 8,000
(4) ₹ 9,000 plus Dearness Relief/ Allowance

56. What is not correct with reference to admissibility of Medical Advance under M.A. Rules ?

(1) to all Government servants drawing a basic pay of ₹ 1,00,000 or less
(2) for in-patient treatment in a recognized hospital
(3) for purchase, replacement, repair and adjustment of admissible artificial appliances
(4) for temporary officials, surety from permanent government servant is required

57. Which of the following is not true ?

(1) A pension once sanctioned can be withheld or withdrawn subsequently.
(2) A family pension can be withheld or withdrawn subsequently.
(3) If part of pension is withheld or withdrawn the balance should not be less than the minimum prescribed.
(4) A pension can be withheld or withdrawn only by the Appointing Authority.

54. चिकित्सा परिचर्या नियमों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन परिवार का सदस्य नहीं है ?

(1) न्यायिक रूप से अलग पति
(2) दत्तक पिता की पत्नी
(3) एक 26 वर्ष का कानूनी तौर पर गोद लिया पुत्र
(4) अवयस्क भाई

यह दिया गया है कि (2) से (4) पर दिये गये सदस्य पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी पर आश्रित हैं।

55. दावे पर विचार के लिए निर्भरता हेतु परिवार के सदस्यों (पति-पत्नी को छोड़कर) की आय सीमा क्या है ?

(1) ₹ 5,000
(2) ₹ 6,000
(3) ₹ 8,000
(4) ₹ 9,000 जमा महँगाई राहत/भत्ता

56. चिकित्सा अग्रिम की देयता के सन्दर्भ में, M.A. नियमावली के अन्तर्गत क्या सही नहीं है ?

(1) ₹ 1,00,000 अथवा उससे कम मूल वेतन पाने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों को।
(2) मान्यता प्राप्त अस्पताल में अंतरंग रोगी उपचार के लिए।
(3) स्वीकार्य कृत्रिम उपकरणों की खरीद, प्रतिस्थापन, मरम्मत एवं समायोजन के लिए।
(4) अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई कर्मचारी से जमानत दिलवाना होगा।

57. निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?

(1) एक बार मंजूर की गई पेंशन को बाद में रोका या वापिस लिया जा सकता है।
(2) एक पारिवारिक पेंशन को रोका या वापिस लिया जा सकता है।
(3) यदि पेंशन का एक हिस्सा रोका या वापिस लिया जाता है तो शेष पेंशन निर्धारित पेंशन के न्यूनतम से कम नहीं हो सकती।
(4) पेंशन को केवल नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा रोका या वापिस लिया जा सकता है।

58. Which of the following is not correct ?

(1) Emoluments for retirement gratuity are Basic Pay + DA + NPA where applicable.

(2) Emoluments for death gratuity are Basic Pay + NPA where applicable.

(3) Emoluments for pension are Basic Pay + NPA where applicable.

(4) Emoluments for Family pension are Basic Pay + NPA where applicable.

59. What is the period of service for which full gratuity can be paid ?

(1) 10 years (2) 20 years

(3) 25 years (4) 33 years

60. What is not correct with reference to the effect of dismissal and removal from service on pension and gratuity ?

(1) It entails forfeiture of past service and he is not entitled to any pension/gratuity.

(2) The competent authority may however grant a compassionate allowance.

(3) The amount of compassionate allowance will not exceed two thirds of compensation pension.

(4) The amount of compassionate allowance will not be less than two thirds of compensation pension.

61. The maximum limit of retirement gratuity as per the 7th CPC has been raised to

(1) ₹ 15 lakhs

(2) ₹ 20 lakhs

(3) ₹ 25 lakhs

(4) No raise has been made.

58. निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(1) सेवा निवृत्ति उपदान के लिए परिलब्धियाँ है – मूल वेतन + महँगाई भत्ता + प्रैक्टिस बंदी भत्ता जहाँ देय है ।

(2) मृत्यु उपदान के लिए परिलब्धियाँ है – मूल वेतन + प्रैक्टिस बंदी भत्ता जहाँ देय है ।

(3) पेंशन के लिए परिलब्धियाँ हैं – मूल वेतन + प्रैक्टिस बंदी भत्ता जहाँ देय है ।

(4) पारिवारिक पेंशन के लिए परिलब्धियाँ हैं – मूल वेतन + प्रैक्टिस बंदी भत्ता जहाँ देय है ।

59. कितने समय की सेवा के लिए पूर्ण उपदान दिया जा सकता है ?

(1) 10 वर्ष (2) 20 वर्ष

(3) 25 वर्ष (4) 33 वर्ष

60. सेवा से हटाने या बर्खास्तगी का पेंशन तथा उपदान पर प्रभाव के सन्दर्भ में क्या सही नहीं है ?

(1) यह पिछली सेवा को जब्त करने पर जोर देता है और इसलिए यह पेंशन/उपदान का हकदार नहीं है ।

(2) प्राधिकृत प्राधिकारी तथापि अनुकंपा भत्ता प्रदान कर सकता है ।

(3) अनुकंपा भत्ते की राशि प्रतिकर पेंशन के दो-तिहाई से अधिक नहीं होगी ।

(4) अनुकंपा भत्ते की राशि प्रतिकर पेंशन के दो-तिहाई से कम नहीं होगी ।

61. सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार निवृत्ति उपदान की अधिकतम सीमा बढ़ाई गई है

(1) ₹ 15 लाख

(2) ₹ 20 लाख

(3) ₹ 25 लाख

(4) कोई बढ़ोतरी नहीं की गई ।

62. Normally family pension is admissible to one person at a time except in some cases. Which of the following cases is not an exception ?
   (1) More than one widow
   (2) One widow and children from another
   (3) Twin children
   (4) Mother and Father of the government servant alive and dependent on the government servant.

63. Which of the following is not true ?
   (1) Single Tender Enquiry (STE) is permissible if it is in the knowledge of the user department that only a particular firm is the manufacturer of the required goods.
   (2) STE is permissible if in emergency, the required goods are necessarily to be purchased from a particular source for reasons recorded and by obtaining the approval of the competent authority.
   (3) STE is also permissible if for standardization of machinery to be compatible to the existing sets of equipment the required item is to be purchased from a selected firm.
   (4) In the case of limited tender enquiry late bids can be considered with the approval of the competent authority.

64. Purchase of goods costing upto what value on each occasion may be made on the basis of recommendation of a duly constituted Local Purchase Committee consisting of three members of an appropriate level as decided by the Head of the Department ?
   (1) ₹ 1,00,000 (2) ₹ 1,50,000
   (3) ₹ 2,00,000 (4) ₹ 2,50,000

62. साधारणतया पारिवारिक पेंशन एक समय में एक व्यक्ति के लिए स्वीकार्य होगी, कुछ मामलों को छोड़कर । निम्नलिखित में से क्या अपवाद नहीं है ?
   (1) एक से अधिक विधवा
   (2) एक विधवा एवं दूसरी से बच्चे
   (3) जुड़वाँ बच्चे
   (4) सरकारी कर्मचारी के माता एवं पिता जो जीवित हैं एवं उस पर निर्भर हैं ।

63. निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?
   (1) एकल निविदा जाँच स्वीकार्य है यदि उपयोगकर्ता विभाग को यह ज्ञात है कि केवल एक विशेष फर्म आवश्यक माल का निर्माता है ।
   (2) आपातकाल में एकल निविदा जाँच स्वीकार्य है यदि आवश्यक माल एक विशेष स्रोत से, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति एवं दर्ज कारणों से क्रय किया जाता है ।
   (3) मशीनरी का मानकीकरण मौजूदा उपकरण के अनुरूप मद का क्रय चयनित फर्म से क्रय करने के लिए भी एकल निविदा जाँच स्वीकार्य है ।
   (4) सीमित निविदा जाँच में देर से प्राप्त बोली, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से विचारणीय है ।

64. प्रत्येक अवसर पर कितने मूल्य की खरीद, उचित स्तर के तीन सदस्यों वाली विभाग प्रमुख द्वारा विधिवत गठित स्थानिक क्रय समिति की सिफारिशों के आधार पर की जा सकती है ?
   (1) ₹ 1,00,000 (2) ₹ 1,50,000
   (3) ₹ 2,00,000 (4) ₹ 2,50,000

65. Barring exceptions invitation to tender by advertisement should be used for procurement of goods of estimated value of

(1) ₹ 10 lakh and above

(2) ₹ 15 lakh and above

(3) ₹ 20 lakh and above

(4) ₹ 25 lakh and above

66. Which of the following is not true ?

(1) For purchasing high value plant, machinery etc. of a complex and technical nature, bids may be obtained in two parts.

(2) Technical bid will consist of all technical details along with commercial terms and conditions.

(3) Financial bid will indicate item wise price for the item mentioned in the technical bid.

(4) The financial bid should be sealed while the technical bid may not be sealed but both should be in separate covers to be put in a bigger cover.

67. Which of the following is not a member of family of a government servant for the purposes of CCS (Conduct) Rules ?

(1) Spouse who is no longer dependent on the government servant.

(2) Son or daughter wholly dependent on the government servant.

(3) Son or daughter who is no longer dependent on the government servant.

(4) Any other person related to the government servant or spouse, whether by blood or marriage and wholly dependent on the government servant.

65. अपवादों को छोड़कर, विज्ञापन के द्वारा निविदाओं के आमन्त्रण के आधार पर माल क्रय करने के लिए अनुमानित मूल्य है

(1) ₹ 10 लाख एवं अधिक

(2) ₹ 15 लाख एवं अधिक

(3) ₹ 20 लाख एवं अधिक

(4) ₹ 25 लाख एवं अधिक

66. निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?

(1) जटिल एवं तकनीकी प्रकृति वाले उच्च मूल्य के संयंत्र एवं मशीनरी इत्यादि के क्रय के लिए बोली को दो भागों में आमन्त्रित किया जाता है।

(2) तकनीकी बोली में वाणिज्यिक नियमों एवं शर्तों के साथ सभी तकनीकी विवरण शामिल होंगे।

(3) वित्तीय बोली तकनीकी बोली में उल्लिखित मदों के लिए मदवार मूल्य दर्शाती है।

(4) वित्तीय बोली को मुहरबंद किया जाता है जबकि तकनीकी बोली को मुहरबंद करना आवश्यक नहीं परन्तु दोनों अलग-अलग लिफाफों में होने चाहिए जिनको एक बड़े लिफाफे में डाला जाता है।

67. CCS (आचरण) नियमावली के लिए निम्नलिखित में से कौन सरकारी कर्मचारी के परिवार में शामिल नहीं है ?

(1) पति-पत्नी जो अब सरकारी कर्मचारी पर निर्भर नहीं है।

(2) पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी पर निर्भर बेटा अथवा बेटी।

(3) बेटा अथवा बेटी जो अब सरकारी कर्मचारी पर निर्भर नहीं है।

(4) कोई अन्य व्यक्ति जो सरकारी कर्मचारी अथवा पति/पत्नी से चाहे रक्त अथवा विवाह से संबंधित है एवं सरकारी कर्मचारी पर पूर्ण रूप से निर्भर है।

68. Which of the following is not true ?
   (1) Permission is necessary for joining an educational institution after office hours.
   (2) Permission is necessary for participation in "Shramdan" organized by a government department or Bharat Sevak Samaj.
   (3) Permission is necessary for joining Civil Defence Service.
   (4) Permission is necessary for seeking redress in courts of law for grievances arising out of employment or conditions of service.

69. Which of the following is incorrect ?
   (1) Every government servant shall at all times maintain absolute integrity and shall take all possible steps to ensure the integrity of those under his control and authority.
   (2) Joint representation from government servants is treated as subversive of discipline.
   (3) Conviction by a criminal court is a misconduct under CCS (Conduct) Rules.
   (4) It is not necessary to obtain prior permission by the government servants for leaving station/head-quarters.

70. Which of the following is not true ?
   (1) No government servant shall be a member of any political party.
   (2) No government servant shall take part in any political movement/activity.
   (3) The government servant shall endeavour to prevent his family members from taking part in any political activity.
   (4) No government servant shall canvass or otherwise interfere with or use his influence in connection with an election to any legislature or local authority.

68. निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?
   (1) कार्यालय समय के पश्चात् शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए अनुमति आवश्यक है ।
   (2) सरकारी विभाग अथवा भारत सेवक समाज द्वारा आयोजित "श्रमदान" में भाग लेने के लिए अनुमति आवश्यक है ।
   (3) सिविल डिफेंस सेवा में भाग लेने के लिए अनुमति आवश्यक है ।
   (4) रोजगार अथवा सेवा शर्तों से उत्पन्न होने वाली शिकायत के लिए कानूनी अदालत में निवारण की माँग के लिए अनुमति आवश्यक है ।

69. निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?
   (1) प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को पूर्ण इमानदारी बनाए रखनी चाहिए तथा उसे अपने नियंत्रण एवं अधिकार के तहत लोगों की इमानदारी को सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कदम उठाने चाहिए ।
   (2) सरकारी कर्मचारी द्वारा संयुक्त अभ्यावेदन अनुशासन के विध्वंसक के रूप में माना जाता है ।
   (3) एक आपराधिक अदालत द्वारा सजा CCS (आचरण) नियमावली के अन्तर्गत कदाचार है ।
   (4) सरकारी कर्मचारी द्वारा स्टेशन/मुख्यालय छोड़ने के लिए पूर्वानुमति आवश्यक नहीं है ।

70. निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?
   (1) कोई सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल का सदस्य नहीं होगा ।
   (2) कोई सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक आंदोलन अथवा गतिविधि में हिस्सा नहीं लेगा ।
   (3) सरकारी कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों को किसी राजनीतिक गतिविधि में भाग लेने के लिए रोकने का प्रयास करेगा ।
   (4) कोई सरकारी कर्मचारी किसी विधान सभा अथवा स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए प्रचार अथवा अन्यथा हस्तक्षेप अथवा अपने प्रभाव का इस्तेमाल नहीं करेगा ।

71. By whom can the order of suspension against a government servant be revoked ?

(a) By the authority which made the order of suspension.

(b) By any authority to which the authority who made the order of suspension in subordinate.

(1) (a) only
(2) (b) only
(3) By neither
(4) By both (a) and (b)

72. A Government servant is deemed to be placed under suspension when he is detained in custody for a period exceeding

(1) 24 hours (2) 30 hours
(3) 48 hours (4) 60 hours

73. Within how much period an appeal may be preferred against the order passed by disciplinary authority ?

(1) 30 days (2) 45 days
(3) 60 days (4) 90 days

74. Which of the following is a major penalty ?

(1) withholding of promotion
(2) reduction to a lower stage in the time scale of pay by one stage for a period not exceeding three years, without cumulative effect and not adversely affecting his pension
(3) withholding of increments of pay
(4) reduction to a lower stage in the time scale of pay for a specified period with cumulative effect

71. किसके द्वारा सरकारी कर्मचारी के निलंबन आदेश को निरस्त किया जा सकता है ?

(a) जिस अधिकारी ने निलम्बन का आदेश दिया उसके द्वारा ।

(b) किसी भी अधिकारी द्वारा, निलम्बन का आदेश करने वाला अधिकारी जिसके अधीनस्थ है ।

(1) केवल (a)
(2) केवल (b)
(3) किसी के द्वारा नहीं ।
(4) (a) तथा (b) दोनों के द्वारा

72. सरकारी कर्मचारी यदि कम से कम किस अवधि तक पुलिस हिरासत में रहता है तो उसे निलंबित हुआ मान लिया जाता है ?

(1) 24 घण्टे (2) 30 घण्टे
(3) 48 घण्टे (4) 60 घण्टे

73. अनुशासनात्मक प्राधिकारी के आदेश के खिलाफ कितनी अवधि के भीतर अपील की जा सकती है ?

(1) 30 दिवस (2) 45 दिवस
(3) 60 दिवस (4) 90 दिवस

74. निम्नलिखित में से कौन सा भारी दण्ड माना जाता है ?

(1) पदोन्नति को स्थगित रखना ।
(2) अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के लिए समयावधि के वेतनमान के एक स्तर नीचे तक उसे पदावनत किया जाना किन्तु इससे उसकी पेंशन पर प्रभाव न पड़े और समग्र प्रभाव विपरीत स्तर पर प्रभावित न हो ।
(3) उसकी वेतन वृद्धि को स्थगित कर देना ।
(4) एक निर्धारित अवधि के लिए उसके समयावधि वेतनमान को समग्र प्रभाव से एक विनिर्दिष्ट समय के लिए कम कर देना ।

75. Who shall be ex-officio Secretary of Kendriya Vidyalaya Sangathan ?

(1) Commissioner, KVS

(2) Additional Commissioner (Administration)

(3) Secretary, School Education & Literacy, MHRD.

(4) Joint Secretary, School Education & Literacy, MHRD.

76. Who shall be the Member Secretary of Academic Advisory Committee of Kendriya Vidyalaya Sangathan ?

(1) Joint Commissioner (Administration)

(2) Deputy Commissioner (Academic)

(3) Additional Commissioner (Administration)

(4) Additional Commissioner (Academic)

77. Who shall be the Internal Financial Advisor and Chief Accounts Officer of the Sangathan ?

(1) Deputy Commissioner (Finance)

(2) Joint Commissioner (Finance)

(3) Financial Advisor, MHRD

(4) Commissioner, KVS

78. Who is the Reviewing Officer for Principals of Kendriya Vidyalayas, in respect of APAR ?

(1) Joint Commissioner (Academic)

(2) Additional Commissioner (Academic)

(3) Assistant Commissioner of the Region

(4) Deputy Commissioner of the Region

75. केन्द्रीय विद्यालय संगठन का पदेन सचिव कौन होगा ?

(1) आयुक्त, के.वी.एस.

(2) अपर आयुक्त (प्रशासन)

(3) सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता, मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(4) संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय

76. केन्द्रीय विद्यालय संगठन की अकादमिक सलाहकार समिति का सदस्य सचिव कौन होगा ?

(1) संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)

(2) उपायुक्त (अकादमिक)

(3) अपर आयुक्त (प्रशासन)

(4) अपर आयुक्त (अकादमिक)

77. संगठन का आंतरिक वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी कौन होगा ?

(1) उपायुक्त (वित्त)

(2) संयुक्त आयुक्त (वित्त)

(3) वित्तीय सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(4) आयुक्त, के.वी.एस.

78. केन्द्रीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के APAR का समीक्षा-अधिकारी कौन होता है ?

(1) संयुक्त आयुक्त (अकादमिक)

(2) अपर आयुक्त (अकादमिक)

(3) क्षेत्रीय सहायक आयुक्त

(4) क्षेत्रीय उपायुक्त

79. What is the minimum age as on 31st March, of the year for fresh admission to Kendriya Vidyalaya in Class IX ?

(1) 12 years (2) 13 years

(3) 14 years (4) 15 years

80. The horizontal reservation in admission is applicable in Kendriya Vidyalayas for

(1) wards of soldiers died in harness.

(2) wards of Kashmiri migrants.

(3) divyang jan (Differently abled)

(4) SC, ST and OBC category.

81. A parent approached Kendriya Vidyalaya NTPC with KVTC (Transfer of the parent is not involved) for admission to class III. The present average enrollment in class III is 47. The principal :

(1) refuses admission.

(2) refers to the Chairman, VMC

(3) refers to the Deputy Commissioner of the Region.

(4) grants admission.

82. An employee of Atomic Energy Central School seeks admission at a place of his final settlement with Transfer Certificate issued by Atomic Energy Central school in a KV. (No Atomic Energy Central school is available in the city). The principal

(1) refuses admission

(2) grants admission immediately

(3) refers to Chairman, VMC

(4) grants admission after endorsement of J.C. by the Deputy Commissioner concerned.

79. केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा IX में प्रवेश के लिए 31 मार्च को न्यूनतम आयु कितनी पूरी होनी चाहिए ?

(1) 12 वर्ष (2) 13 वर्ष

(3) 14 वर्ष (4) 15 वर्ष

80. केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए क्षैतिज/अनुप्रस्थ आरक्षण (Horizontal Reservation) किसके लिए लागू होता है ?

(1) लड़ाई में मारे गए सैनिकों के बच्चे

(2) कश्मीरी विस्थापितों के बच्चे

(3) दिव्यांगजन (विकलांग)

(4) एस.सी., एस.टी. तथा ओ.बी.सी. श्रेणी

81. एक अभिभावक अपने बच्चे के कक्षा III में प्रवेश के लिए केन्द्रीय विद्यालय एन.टी.पी.सी. केवीटीसी (माता-पिता का स्थानान्तरण जिसमें शामिल नहीं) लेकर पहुँचता है । कक्षा III में वर्तमान समय में औसत नामांकन 47 है । प्रधानाचार्य –

(1) प्रवेश देने से मना कर देता है ।

(2) VMC के अध्यक्ष के पास भेज देता है ।

(3) क्षेत्रीय उपायुक्त के पास भेज देता है ।

(4) प्रवेश दे देता है ।

82. एटामिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल का एक कर्मचारी अंतिम रूप से जहाँ बसने के लिए जाता है उस स्थान पर स्थित के.वी. में एटामिक एनर्जी सेन्ट्रल स्कूल का स्थानान्तरण प्रमाणपत्र लेकर जाता है (शहर में कोई एटामिक एनर्जी सेन्ट्रल स्कूल नहीं है) । प्रधानाचार्य

(1) प्रवेश देने से मना करता है ।

(2) तत्काल प्रवेश दे देता है ।

(3) VMC के अध्यक्ष के पास भेज देता है ।

(4) संयुक्त आयुक्त की अनुमति से सम्बंधित उपायुक्त की स्वीकृति के बाद प्रवेश दे देता है ।

83. What is the maximum amount of concession granted to secure admission to class XI for students belonging to SC, ST and Divyang jan ?

(1) 0.4 points in CGPA

(2) 0.6 points in CGPA

(3) 0.8 points in CGPA

(4) 1.0 points in CGPA

84. What is the timeline for forwarding first probationary report in respect of a PGT to the concerned Deputy Commissioner by the principal ?

(1) On completion of 9 months

(2) On completion of 11 months

(3) On completion of 12 months

(4) On completion of 22 months

85. What is the condition to get summer/winter vacation pay for a newly joined TGT (Librarian) ?

(1) should have worked for a minimum period of 5 months in the preceding academic year.

(2) should have worked for a minimum period of 6 months in the preceding academic year.

(3) should have worked for a minimum period of 5 months before summer/winter vacation.

(4) should have worked for a minimum period of 6 months before summer/winter vacation.

83. एस.सी., एस.टी. तथा दिव्यांगजन श्रेणी से सम्बद्ध बच्चों को कक्षा XI में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अधिकतम रियायत किस स्तर तक दी जा सकती है ?

(1) सी.जी.पी.ए. में 0.4 प्वाइंट

(2) सी.जी.पी.ए. में 0.6 प्वाइंट

(3) सी.जी.पी.ए. में 0.8 प्वाइंट

(4) सी.जी.पी.ए. में 1.0 प्वाइंट

84. प्रधानाचार्य के द्वारा सम्बंधित उपायुक्त के पास पी.जी.टी. की पहली प्राविधिक रिपोर्ट भेजने की समय सीमा निम्नलिखित में से क्या है ?

(1) 9 महीने पूरे होने पर

(2) 11 महीने पूरे होने पर

(3) 12 महीने पूरे होने पर

(4) 22 महीने पूरे होने पर

85. नव-नियुक्त होकर पद ग्रहण करने वाले टी.जी.टी. (लाइब्रेरियन) के लिए ग्रीष्म/शीत अवकाश के दौरान वेतन पाने की क्या शर्त है ?

(1) विगत अकादमिक वर्ष में कम से कम 5 महीनों तक कार्य किया होना चाहिए ।

(2) विगत अकादमिक वर्ष में कम से कम 6 महीनों तक कार्य किया होना चाहिए ।

(3) ग्रीष्म/शीत अवकाश के पहले कम से कम 5 महीनों तक कार्य किया होना चाहिए ।

(4) ग्रीष्म/शीत अवकाश के पहले कम से कम 6 माह तक कार्य किया होना चाहिए ।

86. A lady teacher applies for Child Care Leave (CCL) for a period of one year. The principal :

(1) forwards to the Chairman, VMC.

(2) forwards to Deputy Commissioner of the region.

(3) forwards to Commissioner through proper channel.

(4) disposes of at his/her own level.

87. Who is Drawing and Disbursing Officer of a Kendriya Vidyalaya ?

(1) The Chairman, VMC

(2) Principal

(3) Vice-Principal

(4) Office Superintendent

88. Who is responsible for preparing annual academic plan of a Vidyalaya ?

(1) Principal in consultation with teachers.

(2) Academic Committee of the Vidyalaya.

(3) Vice-Principal/senior most teacher in consultation with teachers.

(4) Assistant Commissioner concerned.

86. एक अध्यापिका एक वर्ष की अवधि के लिए चाइल्ड केयर लीव (सी.सी.एल.) के लिए आवेदन करती है । प्रधानाचार्य -

(1) आवेदन-पत्र को अध्यक्ष, वी.एम.सी. को अग्रसारित करता है ।

(2) क्षेत्रीय उपायुक्त को आवेदन-पत्र अग्रसारित कर देता है ।

(3) उपायुक्त के पास उचित माध्यम से आवेदन- पत्र अग्रसारित कर देता है ।

(4) अपने स्तर पर ही उसका निपटारा कर देता/देती है ।

87. केन्द्रीय विद्यालय का आहरण एवं वितरण अधिकारी कौन होता है ?

(1) अध्यक्ष, वी.एम.सी.

(2) प्रधानाचार्य

(3) उप-प्रधानाचार्य

(4) कार्यालय अधीक्षक

88. विद्यालय की अकादमिक योजना तैयार करने के लिए कौन उत्तरदायी है ?

(1) अध्यापकों के परामर्श से प्रधानाचार्य

(2) विद्यालय की अकादमिक समिति

(3) अध्यापकों के परामर्श से उप-प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम अध्यापक

(4) सम्बंधित सहायक आयुक्त

89. Who shall provide special help and guidance to teachers newly entering the profession at Vidyalaya level ?

(1) Vice-Principal or senior most teacher

(2) H.M.

(3) Convenor, Subject Committee

(4) Principal

90. Who shall be the competent authority to grant permission to non-teaching staff of Vidyalaya to appear in higher examinations ?

(1) Principal

(2) Deputy Commissioner of the Region

(3) Chairman, VMC

(4) Additional Commissioner (Administration)

91. Who is the custodian of Service Books and Personal Files in respect of Principals ?

(1) Principal

(2) Assistant Commissioner (Esst.-I), KVS (HQ)

(3) Deputy Commissioner of the Region

(4) Joint Commissioner (Administration), KVS (HQ)

89. विद्यालय स्तर पर नव-नियुक्त अध्यापकों को इस व्यवसाय में जुड़ने के लिए विशेष सहायता तथा मार्गदर्शन कौन करवाएगा ?

(1) उप-प्रधानाचार्य अथवा वरिष्ठतम अध्यापक

(2) एच.एम. (प्रधानाध्यापक)

(3) संयोजक, विषय समिति

(4) प्रधानाचार्य

90. विद्यालय के गैर-शिक्षक स्टाफ को उच्च शिक्षा की परीक्षाओं में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान करने के लिए सक्षम अधिकारी कौन होगा ?

(1) प्रधानाचार्य

(2) क्षेत्रीय उपायुक्त

(3) अध्यक्ष, वी.एम.सी.

(4) अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन)

91. प्रधानाचार्यों की सेवा-पुस्तिका तथा व्यक्तिगत फाइल का संरक्षक कौन होता है ?

(1) प्रधानाचार्य

(2) सहायक आयुक्त (स्थापना-I) के.वी.एस. (मुख्यालय)

(3) क्षेत्रिय उपायुक्त

(4) संयुक्त आयुक्त (प्रशासन), के.वी.एस. (मुख्यालय)

92. An interruption or break in service caused in the circumstances laid down in FR 17-A will

(1) affect pay and allowances.

(2) affect increment.

(3) affect leave.

(4) not affect pension due to reduction of qualifying service for full pension.

93. Which of the following is not true ?

(1) The term 'pay' is more comprehensive than 'substantive pay'.

(2) Presumptive pay means the pay to which a government servant would be entitled, if he had been holding the post substantively and was performing its duties.

(3) Personal pay is granted to an individual whereas special pay is attached to a post.

(4) Personal pay is an addition of the nature of pay to the emoluments of a Government servant in consideration of a specific addition to the work or responsibility.

94. A Government servant shall not be treated on duty during

(1) service as a probationer if it is followed by confirmation.

(2) joining time.

(3) a course of training in India.

(4) service as an apprentice not followed by confirmation.

92. मूल नियम 17-A के अन्तर्गत दी गई परिस्थितियों में हुई रुकावट अथवा सेवा में व्यवधान के कारण

(1) वेतन एवं भत्ते प्रभावित होंगे ।

(2) वेतन वृद्धि प्रभावित होगी ।

(3) छुट्टी प्रभावित होगी ।

(4) योग्यता सेवा की कमी के कारण पूर्ण पेंशन प्रभावित नहीं होगा ।

93. निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?

(1) शब्द 'वेतन', 'मूल पद वेतन' से अधिक व्यापक है ।

(2) अनुमानित वेतन का अर्थ वह वेतन है जिसका सरकारी कर्मचारी हकदार होगा यदि वह मूल पद को धारण कर रहा होता एवं उसके कर्तव्यों का पालन कर रहा होता ।

(3) निजी वेतन एक व्यक्ति को दिया जाता है जबकि विशेष वेतन एक पद से जुड़ा होता है ।

(4) निजी वेतन एक परिवर्द्धन है, जो कि सरकारी कर्मचारी की परिलब्धियों में वेतन की प्रकृति का है, उसके कार्य या जिम्मेदारियों में परिवर्द्धन के लिए दिया जाता है ।

94. एक सरकारी कर्मचारी कर्तव्य पर नहीं माना जाएगा जब

(1) एक परिवीक्षाधीन के रूप में सेवा जिसका बाद में पुष्टीकरण किया गया ।

(2) कार्यग्रहण अवधि

(3) भारत में प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम

(4) एक प्रशिक्षु के रूप में सेवा जिसका बाद में पुष्टीकरण नहीं किया गया ।

95. A Government servant retains a lien on a post
(1) while on leave
(2) while on foreign service
(3) while under suspension
(4) after his promotion to a higher post, the recruitment rules of which do not prescribe any probation.

96. Which of the following is not true with reference to regulation of TA of a government servant who is required on any day to perform temporary duty at a place other than normal place of duty ?
(1) Local journeys should be performed in the same way as the government servant performs the journey to his duty point
(2) DA admissible in addition to mileage allowance for the period of absence will be at half the rates prescribed.
(3) Prior permission of a superior authority should be obtained for journey by special conveyance.
(4) No Daily Allowance is admissible beyond 90 days.

97. Which of the following is not true with reference to limitations on the payment of Daily Allowance ?
(1) It is not admissible for any period of Casual Leave or RH availed while on tour.
(2) It is not admissible for Sundays or holidays unless the government servant is actually and not merely constructively in office.
(3) It may not be drawn for any day on which the government servant does not reach a point outside a radius of 5 kilometres from the duty point.
(4) It may not be drawn for a continuous halt of more than 180 days at one and the same station.

95. एक सरकारी कर्मचारी का पद पर धारणाधिकार रहता है
(1) जब छुट्टी पर हो ।
(2) जब विदेश (अन्यत्र) सेवा पर हो ।
(3) जब निलंबन के तहत हो ।
(4) उच्च पद पर पदोन्नति, जिसके भर्ती-नियम में परिवीक्षा का प्रावधान नहीं है ।

96. यात्रा भत्ता विनियम के सन्दर्भ में एक सरकारी कर्मचारी जो किसी भी दिन कर्तव्य के सामान्य स्थान के अलावा अन्य स्थान पर अस्थाई कर्तव्य का पालन करता है, के लिए निम्न में से क्या सत्य नहीं है ?
(1) स्थानीय यात्रा उसी तरह से निष्पादित की जानी चाहिए जिस तरह से सरकारी कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थान के लिए करता है ।
(2) अवकाश की अवधि के लिए मील भत्ते के अतिरिक्त दैनिक भत्ता निर्धारित दरों की आधी दर पर स्वीकृत होगा ।
(3) विशेष वाहन द्वारा यात्रा करने के लिए उच्च प्राधिकारी से पूर्वानुमति लेनी होगी ।
(4) 90 दिन से अधिक कोई दैनिक भत्ता नहीं मिलेगा ।

97. दैनिक भत्ते के भुगतान की सीमाओं के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?
(1) यह दौरे के दौरान दौरे के स्थान पर आकस्मिक अवकाश अथवा प्रतिबंधित छुट्टी के समय पर देय नहीं होगा ।
(2) यह रविवार अथवा किसी छुट्टी वाले दिवस के लिए देय नहीं होगा जब तक सरकारी कर्मचारी वास्तव में और न केवल रचनात्मक रूप से कार्यालय में था ।
(3) यह ऐसे दिन, जिस पर सरकारी कर्मचारी कर्तव्य स्थान के 5 किलोमीटर के दायरे पर न पहुँचा हो, के लिए आहरित नहीं किया जा सकता ।
(4) यह 180 दिवस से अधिक एक एवं उसी स्थान पर लगातार रुकने पर आहरित नहीं किया जा सकता ।

98. Which of the following is not true with reference to the absence from HQ for regulating Daily Allowance ?

(1) In case of journey by rail, with reference to the scheduled departure time

(2) In case of journey by bus, with reference to the actual departure time

(3) In case of journey by air, with reference to the scheduled reporting time at the airport

(4) Where the train or plane is late by an hour or more actual arrival time will be taken.

99. Which of the following is not true ?

(1) TA is admissible to and from examination centre in respect of departmental examination.

(2) TA is admissible to give evidence in a criminal case in official capacity.

(3) TA is admissible if the Government servant is compelled to travel to another station to obtain a medical certificate, payment of DA at the out station for the halt will not be admissible.

(4) TA is admissible for the journey when recalled to duty before the expiry of the leave if it is curtailed by not less than a month.

100. With reference to LTC Rules, which of the following is not part of family of a Government servant if they are wholly dependent but not residing with the Government servant ?

(1) Stepchildren

(2) Stepparent

(3) Divorced daughter

(4) Spouse

98. मुख्यालय से अनुपस्थिति रहने पर दैनिक भत्ते को विनियमित करने के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?

(1) रेल यात्रा के मामले में निर्धारित प्रस्थान समय ।

(2) बस द्वारा यात्रा के मामले में वास्तविक प्रस्थान समय ।

(3) हवाई यात्रा के मामले में हवाई अड्डे पर रिपोर्टिंग समय ।

(4) जहाँ रेलगाड़ी अथवा हवाई-जहाज एक घण्टा अथवा अधिक देरी से पहुँचते हैं, वास्तविक आगमन समय लिया जायेगा ।

99. निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?

(1) विभागीय परीक्षा में भाग लेने पर, परीक्षा केन्द्र को जाने एवं आने के लिए यात्रा भत्ता देय है ।

(2) आपराधिक मामले में आधिकारिक हैसियत से सबूत देने के लिए यात्रा भत्ता देय है ।

(3) यदि एक सरकारी कर्मचारी को स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र लेने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए बाध्य किया जाता है तो उसे यात्रा भत्ता देय होगा । बाह्य स्टेशन पर रुकने के लिए दैनिक भत्ता देय नहीं होगा ।

(4) एक माह से कम छुट्टी को कम कर छुट्टी से वापिस बुलाने पर यात्रा के लिए यात्रा भत्ता देय होगा ।

100. छुट्टी यात्रा छूट नियमों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सरकारी कर्मचारी के परिवार का हिस्सा नहीं होगा यदि वह पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी पर निर्भर होगा परन्तु उसके साथ नहीं रहता ?

(1) सौतेले बच्चे

(2) सौतेले माता-पिता

(3) तलाकशुदा बेटी

(4) पति या पत्नी